महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में अमर शहीद सुखदेव थापर को किया अभिवादन

देश के नायकों के विचार-चिंतन को अपनाए : प्रो. कुमुद शर्मा

वर्धा 15 मई 2025 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने सुखदेव छात्रावास में अमर शहीद सुखदेव थापर की जयंती पर अभिवादन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के नायकों के विचार और चिंतन को अपनाकर देश भक्ति की भावना को बढ़ाना चाहिए। 118वीं जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार, 15 मई को आयोजित कार्यक्रम में शहीद सुखदेव थापर के फोटो के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि सुखदेव और देश के नायकों का जीवन देश भक्ति की पाठशाला है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवाओं में ऐसे विचार आगे बढ़ाने चाहिए जो देश की प्रगति के लिए सहायक हो। देश के नायकों ने अखंडता और एकता के सपने देखे थे, उन सपनों को साकार करने की दिशा में हमें प्रयासरत रहना चाहिए।

इस अवसर पर विवि के कुलसचिव प्रो. आनन्द पाटील, विद्यार्थी कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार, कुलानुशासक डॉ. राकेश मिश्र, छात्रावास अधीक्षक डॉ. योगेन्द्र बाबु, दर्शन एवं संस्कृति विभाग के प्रभारी डॉ. विपिन कुमार पाण्डेय, डॉ. परिमल प्रियदर्शी, डॉ. हिमांशु शेखर, डॉ. रणंजय सिंह, बी.एस. मिरगे, सुधीर खरकटे सहित विद्यार्थी प्रमुखता से उपस्थित थे।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305